सुगम ट्रैफिक के लिए प्रशासनिक अधिकारियों का पुलिस संग भ्रमण

▶ सड़कों पर सामान नहीं रखने के लिए दुकानदारों को दिए निर्देश

पानसेमल, (नवभारत)। पुलिस थाने पर हुई शांति समिति की बैठक में अतिक्रमण हटाने तथा सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर समिति सदस्यों एवं नागरिकों ने अधिकारियों से चर्चा की थी। जिसके बाद मंगलवार शाम प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ गायत्री मंदिर से दुर्गा मंदिर तक नगर में भ्रमण किया।

मार्ग पर दुकानदारों से चर्चा कर अनावश्यक रूप से रखे सामान को सड़क पर नहीं रखने के निर्देश दिए। साथ ही दुकानों के बाहर खड़े वाहनों को सड़क के साइड में लगाने को कहा, जिससे मार्ग बाधित नहीं हो।

नगर परिषद सीएमओ संतराम चौहान एवं थाना प्रभारी विजय रावत ने कहा कि अक्सर दुकानों के बाहर वाहन खड़े होने से यातायात बाधित होता है। नगर परिषद द्वारा सड़क के दोनों ओर मार्किंग करते हुए बाहर दुकानें लगाने या सामग्री रखने पर वैधानिक कार्रवाई करने की बात कही है।

गौरतलब हे कि नगर के मुख्य मार्ग सहित आसपास गलियों में अक्सर बड़े वाहनों की आवाजाही होने से जाम की स्थिति बन जाती हैं। जिस कारण बाइक चालकों एवं छोटे वाहनों को निकलने की समस्या होती हैं। पूर्व में प्रशासन द्वारा कई बार दुकानदारों को हिदायते दी जा चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद भी आवागमन में परेशानी होती है। नगरवासियों ने बताया कि वन वे का नियम लागू होने या कोई अन्य योजना बनकर ट्रैफिक जाम की समस्या से कुछ हद तक राहत मिल सकती हैं। वहीं छोटे और अस्थाई दुकानदारों की सुविधा के मद्देनजर कुछ व्यवस्थाएं करना चाहिए। प्रशासन को इस ओर आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

भ्रमण के दौरान यह रहे उपस्थित

इस दौरान नगर परिषद सीएमओ संतराम चौहान, थाना प्रभारी विजय रावत, स्वच्छता शाखा प्रमुख सतीलाल मराठे, अनिल सोनिस, विनोद बर्डे, कांतिलाल वास्कले, अभय शर्मा, परसराम वाडीले, अनिल कदम, तुकाराम वाडिले, राकेश चौधरी, प्रकाश शिंदे, रवि चौहान सहित नगर परिषद कर्मचारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

रोड पर चलती स्कूटी में लगी अचानक आग

सेंधवा, (नवभारत)। शहर के पुराना एबी रोड स्थित गुरुनानक देव चौराहे पर बुधवार दोपहर एक चलती स्कूटी में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। आग ने देखते ही देखते पूरी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही मिनटों में वाहन पूरी तरह जल गया।

पुराना बस स्टैंड निवासी शीतल कोली अपनी परिचित संजना राणे के साथ स्कूटी से पीजी कॉलेज की ओर जा रही थी। गुरुनानक चौराहे पर पहुंचते ही स्कूटी अचानक बंद हो गई। दोबारा स्टार्ट करने की कोशिश के दौरान उसमें से धुआं निकलने लगा। स्थिति को समझते हुए दोनों युवतियों ने तुरंत स्कूटी छोड़ दी और सुरक्षित दूरी बना ली। कुछ ही देर में स्कूटी में आग भड़क उठी।

सड़क हादसे में 2 युवतियां घायल

पानसेमल। वहीं दूसरी ओर पानसेमल थाना क्षेत्र के जलगोन रोड़ पर बाईक से जा रही युवतियां गंभीर घायल हो गई है। घायल युवतियों को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस को बुलाया गया था। लेकिन समय पर एम्बुलेस नहीं आने पर जलगौन निवासी किशन जगताप एवं बंधारा खुर्द सरपंच अनसिंग बर्डे ने घायल युवतियों को अस्पताल पहुंचाया गया। ड्यूटी डॉक्टर सीताराम सोलंकी ने बताया कि सड़क हादसे में पीपलोद निवासी रंगीता मुन्ना को हाथ में चोट एवं चाहली मुन्ना को सिर में चोट लगने से घायल हुई हैं। जिनका प्राथमिक उपचार कर रैफर किया है। जानकारी मिलने के बाद परिवार के सदस्य पहुंचे थे। वहीं एंबुलेंस की देरी को लेकर परिवार के सदस्यों ने चिंता जताई है। व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय बन रही हैं। वहीं वाहन चालकों को आवश्यक सतर्कता रखकर वाहन चलाना चाहिए।

दमकल पहुंचने तक जल चुकी थी स्कूटी

घटना की सूचना मिलने पर नगर पालिका का दमकल वाहन मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। घटना में दोनों युवतियां सुरक्षित रही। आग लगने की घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।

निवाली में डबल प्रभार को लेकर बढ़ा विवाद

निवाली, (नवभारत)। नगर में डबल प्रभार को लेकर बढ़ा विवाद, शिक्षक संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी पानसेमल के बीइओ के बाद अब बीआरसी को भी निवाली का अतिरिक्त प्रभार, स्थानीय कर्मचारियों की उपेक्षा के आरोप जिला शिक्षा केंद्र बड़वानी द्वारा निवाली विकासखंड के रिक्त पदों पर लगातार पानसेमल ब्लॉक के अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पहले पानसेमल के प्रभारी बीइओ विनोद पाटीदार को निवाली का अतिरिक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीइओ) प्रभार दिए जाने पर कथित लेनदेन और सांठगांठ की चर्चाएं सामने आई थी। जिसकी खबरें स्थानीय अखबारों से लेकर भोपाल तक चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

इसी बीच अब लोकायुक्त प्रकरण में कार्रवाई के बाद निवाली के रिक्त बीआरसी पद का अतिरिक्त प्रभार भी पानसेमल के विकासखंड स्रोत समन्वयक बीआरसी जितेंद्र बाविस्कर को सौंप दिया गया है। इसके बाद शिक्षा विभाग और शिक्षक संगठनों में नाराजगी बढ़ गई है।

निवाली ब्लॉक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन द्वारा निवाली ब्लॉक के वरिष्ठ, अनुभवी एवं पात्र कर्मचारियों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जबकि अन्य ब्लॉक के अधिकारियों को डबल प्रभार देकर कार्य कराया जा रहा है।

इस मामले को लेकर शिक्षक संघ के सर्व मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष शीतल शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री, आदिम जाति कल्याण मंत्री, आयुक्त सर्व शिक्षा अभियान भोपाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजकर विरोध दर्ज कराया है।

पत्र में मांग की गई है कि निवाली ब्लॉक के पात्र एवं स्थानीय अधिकारियों को प्राथमिकता देते हुए प्रभार दिया जाए।

शिक्षक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि स्थानीय कर्मचारियों की उपेक्षा बंद नहीं हुई और डबल प्रभार की व्यवस्था समाप्त नहीं की गई, तो आंदोलन किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उधर शिक्षा विभाग में लगातार बढ़ते विवाद और प्रभार व्यवस्था को लेकर जिले में चर्चाओं का दौर जारी है।

नपा की अभिनव पहल

▶ प्रमुख चौराहों पर धुंध आधारित शीतल प्रणाली स्थापित

बड़वानी, (नवभारत)। भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा नगरवासियों को राहत पहुंचाने के लिए अभिनव पहल की गई है। जिसके तहत शहर के प्रमुख एवं व्यस्ततम चौराहों श्रीराम चौक एवं रणजीत चौक पर धुंध आधारित शीतल प्रणाली (मिस्ट कूलिंग सिस्टम) के अंतर्गत पानी के फव्वारे स्थापित किए गए हैं।

जिसके माध्यम से चौराहों पर सुक्ष्म जल फुहारों का छिड़काव हो रहा है। जिससे आसपास के वातावरण में ठंडक बनी रहती है तथा राहगीरों, वाहन चालकों और नागरिकों को भीषण गर्मी से राहत मिल रही है। नगरवासियों द्वारा इस व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी पहल बताया जा रहा है।

नगर पालिका परिषद द्वारा गर्मी के मौसम में नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि गर्मी के दौरान पर्याप्त पानी का सेवन करें एवं आवश्यक होने पर ही धूप में बाहर निकलें।

ब्लैक स्पॉटों पर सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी

बड़वानी। कलेक्टर जयति सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के माध्यम से जिले में स्थित 14 ब्लैक स्पाटों पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए 31 दिसम्बर 2025 को एक निरीक्षण दल का गठन किया गया था।

जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं ब्लैक स्पाट से संबंधित सड़क निर्माण एजेंसियों द्वारा सुधारात्मक कार्य किया जाना था। जिला सड़क सुरक्षा समिति की 26 मई को सम्पन्न बैठक में यह स्थिति सामने आई है कि जिन 14 ब्लैक स्पॉटों पर निरीक्षण एवं सुधार कार्य किए गए। उनमें विगत 3 वर्षों की तुलना में इस वर्ष होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। जिनमें मुख्यत: ठीकरी बायपास, सेगवाल फाटा, कुण्डिया बायपास एवं गवाघाटी प्रमुख है।

एक नजर में

अग्नि दुर्घटना पीड़ित कृषक को आर्थिक सहायता स्वीकृत

आलीराजपुर। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चन्द्रशेखर आजाद नगर द्वारा ग्राम छोटीपोल , तहसील चन्द्रशेखर आजाद नगर निवासी कृषक श्री कोदरिया पिता कालिया को अग्नि दुर्घटना से हुए नुकसान पर आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। अनुविभाग चंद्र शेखर आजाद नगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोदरिया पिता कालिया के मकान में आग लगने से उनका मकान, खाद्यान्न, बर्तन एवं नगदी राशि पूरी तरह नष्ट हो गए थे। घटना के बाद राजस्व विभाग द्वारा प्रकरण का परीक्षण किया गया। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के तहत पीड़ित कृषक को पचत?तर हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि शीघ्र ही श्री कोदरिया को प्रदान की जाएगी।

शासकीय आईटीआई जोबट में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित 8 युवाओं को मिले ऑफर लेटर

आलीराजपुर। संचालनालय कौशल विकास मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जोबट, जिला आलीराजपुर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 02 कंपनियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान कुल 48 युवा उपस्थित हुए, जिनमें से 08 युवाओं का प्रारम्भिक रूप से चयन कर उन्हें ऑफर लेटर प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला अस्पताल के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा युवाओं को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की चयन प्रक्रिया का उद्देश्य युवाओं को उद्योगों से जोड़ना तथा उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है।

मोटोरोला भारत के टॉप 5 स्मार्टफोन ब्रांड्स में शामिल

इंदौर . मोटोरोला ने देश में अपनी मजबूत विकास गति जारी रखी है. आईडीसी क्वार्टली मोबाइल फोन ट्रैकर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 की पहली तिमाही में मोटोरोला टॉप 5 स्मार्टफोन ब्रांड्स में शामिल हो गया है. 2024 की पहली तिमाही में 9वें स्थान से 2026 की पहली तिमाही में 5वें स्थान तक पहुंचकर मोटोरोला ने पिछले दो वर्षों में भारतीय स्मार्टफोन उद्योग में सबसे मजबूत ग्रोथ में से एक दर्ज की है. इस दौरान कंपनी का मार्केट शेयर 4.6% से बढ़कर 8.9% हो गया है. मोटोरोला के मैनेजिंग डायरेक्टर, टीएम नरसिम्हन ने इस उपलब्धि के बारे में कहा भारत में हमारी लगातार बढ़ती सफलता यह दर्शाती है कि उपभोक्ता मोटोरोला के सार्थक इनोवेशन, आइकॉनिक डिजाइन और प्रीमियम अनुभव पर पूरा भरोसा करते हैं. पैंटोन, बोस और सोनी जैसे बड़े ब्रांड्स के साथ हमारी साझेदारी बेहतरीन अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, जो एआई इनोवेशन से और बेहतर बनते हैं. इससे हमारी ब्रांड की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है.

अमेजन पर शुरू हुआ शॉपिंग का सुपर ओवर

इंदौर . जैसे-जैसे क्रिकेट का सीजन अपने रोमांचक मोड़ पर पहुंच रहा है, अमेजन .इन पर मेगा क्रिकेट फेस्टिवल क्रिकेट की जरूरी चीजों, फिटनेस गियर, फैन मर्चेंडाइज और होम एंटरटेनमेंट पर शानदार डील्स लेकर आया है. चाहे गली क्रिकेट मैच के लिए तैयारी करनी हो, अपने खेल को निखारने के लिए ट्रेनिंग करनी हो, अपनी किट को अपग्रेड करना हो या हर मैच के लिए एकदम सही व्यूइंग एक्सपीरियंस सेट करना हो, ग्राहक एसजी, डीएससी, कॉकटू, बोल्डफिट, निविया और प्लेआर सहित टॉप ब्रांडों के एआई-क्यूरेटेड बड़े सिलेक्शन से खरीदारी कर सकते हैं, जिसमें क्रिकेट से प्रेरित एक्सेसरीज और कलेक्टिबल्स भी शामिल हैं. शानदार डील्स के अलावा, अमेज़न के एआई-संचालित शॉपिंग टूल्स सही प्रॉडक्ट्स को खोजना पहले से कहीं ज्यादा आसान बना देते हैं. मैच-डे की जरूरी चीजों से लेकर क्रिकेट गियर और फिटनेस मस्ट-हैव्स तक, मेगा क्रिकेट फेस्टिवल में हर क्रिकेट प्रेमी के लिए कुछ न कुछ है.

भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला संगठनात्मक और वैचारिक प्रशिक्षण

▶ भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन 7 सत्र आयोजित

आलीराजपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के आलीराजपुर जिले का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग मंगलवार को जोबट स्थित श्री गार्डन में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में जिलेभर से आए 100 से अधिक भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए संगठनात्मक कार्यपद्धति, वैचारिक अधिष्ठान, मीडिया प्रबंधन, कार्य विस्तार एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं सहित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

उद्घाटन अवसर पर संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, वरिष्ठ नेता बाबूलाल रघुवंशी, प्रदेश संगठन की ओर से जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मनोज सोमानी, जिला प्रभारी दिलीप पटोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष (मकू) परवाल, कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, सांसद अनिता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी बाई खरत, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मोंटू शाह, पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर शाह, राकेश अग्रवाल, पूर्व विधायक माधोसिंह डावर एवं युवा नेता विशाल रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम की प्रस्तावना भाजपा जिलाध्यक्ष मकू परवाल ने रखी वही प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मनोज सोमानी ने मार्गदर्शन देते हुए दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए वर्ग को प्रारंभ किया।

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि पहले सत्र की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष (मकू) परवाल ने की। मुख्य वक्ता बाबूसिंह रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए कार्यकर्ता निर्माण, दायित्व बोध एवं संगठनात्मक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। द्वितीय सत्र में वरिष्ठ नेता एम.एल. जैन की अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे ने मीडिया एवं सोशल मीडिया की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने नमो एप एवं संगठन एप की कार्यप्रणाली समझाते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी और कार्यकर्ताओं से सकारात्मक संवाद को मजबूत करने का आह्वान किया। तृतीय सत्र में संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने भाजपा की कार्यपद्धति पर विस्तृत उद्बोधन दिया। उन्होंने भाजपा के पांच क...कार्यकर्ता, कार्यक्रम, कार्यकारिणी, कोष एवं कार्यालय — की महत्ता बताते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। साथ ही प्रवास, संवाद एवं समन्वय जैसी संगठनात्मक व्यवस्थाओं को भाजपा की ताकत बताया। चतुर्थ सत्र में मंदसौर से आए वक्ता मदनलाल राठौड़ ने भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान पर प्रकाश डाला। उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानव दर्शन, राष्ट्र प्रथम की अवधारणा एवं भाजपा की पंच निष्ठा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का वैचारिक आंदोलन है। पंचम सत्र में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तिगांव ने केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान, गरीब एवं ग्रामीण हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। षष्ठम सत्र में अतिथि वक्ता नानूराम कुमावर ने संगठन विस्तार विषय पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का लक्ष्य केवल राजनीतिक विस्तार नहीं, बल्कि समाज में राष्ट्र चेतना का जागरण था। उन्होंने भौगोलिक एवं सामाजिक विस्तार के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ संवादात्मक शैली में सत्र संचालित किया। दिन के अंतिम एवं सप्तम व्यावहारिक सत्र में वक्ता अशोक अधिकारी ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली, प्रभावी वक्तृत्व कला, कार्यालय संचालन, चुनाव प्रबंधन एवं विभिन्न संगठनात्मक व्यवस्थाओं के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यकर्ताओं ने किया एकसाथ रात्रि विश्राम

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन बुधवार के सभी सातो सत्रों के बाद जिलेभर के आए भी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने रात्री विश्राम एक साथ श्री गार्डन जोबट में ही करा। जहा मंत्री नागरसिंह चौहान सांसद श्रीमती अनिता चौहान सहित संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मनोज सोमानी, जिला प्रभारी दिलीप पटोदिया सहित सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित सभी अपेक्षित लोग एक साथ रुके। इस दौरान सामूहिक चर्चा परिचर्चा के साथ मनोरंजन का आनंद लिया।

बिजली चोरी पर लगाम के लिए जनता का सहारा, विभाग लाया वी-कनेक्ट ऐप

नवभारत न्यूज़

इंदौर. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली चोरी रोकने के लिए वी-कनेक्ट मोबाइल ऐप लॉन्च किया है. विभाग का दावा है कि अब आम लोग बिजली चोरी, मीटर से छेड़छाड़ और अन्य अनियमितताओं की शिकायत सीधे विजिलेंस विभाग तक पहुंचा सकेंगे.

शिकायत सही मिलने और वसूली होने पर सूचना देने वाले को इनाम भी दिया जाएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के अनुसार ऐप के जरिए फोटो और जानकारी सीधे अधिकारियों तक पहुंचेगी और टीम मौके पर कार्रवाई करेगी. हालांकि इस पहल के साथ विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं. वर्षों से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम बिजली चोरी होती रही है, लेकिन विभाग कई मामलों में प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाया. उपभोक्ताओं का आरोप है कि छोटे उपभोक्ताओं पर सख्ती दिखाई जाती है, जबकि बड़े बकायेदारों और प्रभावशाली लोगों पर कार्रवाई कमजोर रहती है. ऐसे में अब विभाग ने निगरानी की जिम्मेदारी आम जनता पर डाल दी है. वहीं लोगों का कहना है कि यदि विभाग का फील्ड अमला सक्रिय और जवाबदेह होता तो बिजली चोरी रोकने के लिए जनता को मुखबिर बनाने की जरूरत नहीं पड़ती.

भीषण जलसंकट के बीच अधिकारियों को याद आए तालाब

▶ कलेक्टर एवं आयुक्त ने किया तालाबों का मौका निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में गर्मी के मौसम भीषण जलसंकट की समस्या होने के बाद आज प्रशासनिक अधिकारियों को शहर के तालाब याद आए. मंगलवार को कलेक्टर और निगम आयुक्त शहर के तालाबों के कैचमेंट एरिया, जलभराव और अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया. दोनों अधिकारी सिरपुर और लिंबोदी तालाब की वर्तमान स्थिति का मौका निरीक्षण करने पहुंचे.

आज सुबह कलेक्टर शिवम वर्मा एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सिरपुर एवं लिंबोदी तालाब का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वर्मा एवं आयुक्त सिंघल ने तालाबों की वर्तमान स्थिति, जल संग्रहण क्षमता, कैचमेंट एरिया के अतिक्रमण तथा तालाबों तक पहुंचने वाली चैनल लाइनों की सफाई की विस्तार से जानकारी ली. अधिकारियों और निगम रिमूवल अमले को निर्देश दिए कि बारिश के पहले तालाब की चैनल और उस पर किए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक, कार्यपालन यंत्री अश्विन जनवदे, प्रभारी आकाश जैन , रोहित बोयत सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

अवरोधों को हटाया जाए: कलेक्टर वर्मा ने कहा कि शहर के प्रमुख तालाबों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन जल संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने निर्देश दिए कि तालाबों की प्राकृतिक रूप से पानी आने वाले रास्ते को बाधित करने वाले सभी निर्माण और अवरोधों को हटाया जाए. साथ ही कैचमेंट एरिया में अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए.